# कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता

## श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म०प्र०)

कार्यालय दूरभाष नं.– 07662–241655 ई–मेल– deanmcrewa@rediffmail.com
फैक्स नं.– 07662–251167 वेबसाइट–www.ssmcrewa.com


क्रमांक 20135/स्था./अराज./एमसी/2022 रीवा, दिनांक 6/9/22

## भर्ती सूचना

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के पत्र क्र. 50/1(1)/TF-CVD/SD/2021-NCD, Dated 10.03.2022 के अनुक्रम में चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के एम.डी.आर.यू. (Multi Disciplinary Research Unit) में संचालित रिसर्च प्रोजेक्ट में कार्य करने के लिए संविदा आधार पर (On Contractual Basis) निम्नलिखित पदों हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैः–

**1. रिक्त पदों की जानकारीः–**

| S. No. | Name of post | No. of post | Catagory wise vacancy | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **UR** | **OBC** | **ST** | **SC** | **EWS** |
| 1. | SRF Non Medical | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 2. | Data Entry Operator (Grade A) | 01 | 01 | - | - | - | - |

| क्रमांक | गतिविधि | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 10.09.2022 |
| 02 | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 30.09.2022, सायं 05:00 बजे तक |

**रजिस्टर्ड डाक से आवेदन भेजने का पताः–** कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.), पिन 486001

| परीक्षा शुल्कः– डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जो कि **"CEO & DEAN SS MEDICAL COLLEGE REWA"** के नाम निम्नानुसार देय होगाः– | |
|---|---|
| अनारक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये | रू. 800/– |
| आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये | रू. 700/– |

नोटः– 1. आवेदन शुल्क वापिसी योग्य नहीं होगा।

2. पदों की अर्हता, भर्ती प्रक्रिया, नियम तथा शर्तें एवं आवेदन फार्म महाविद्यालय की वेबसाइट www.ssmcrewa.com पर उपलब्ध है।

3. आवेदनों के स्क्रूटनी, शॉर्टलिस्टिंग एवं चयन प्रक्रिया की जानकारी समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी, पृथक से इस संबंध में समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। आवेदक उक्त वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

क्रमशः पेज...02

## 2. अर्हता एवं मानदेयः–

| S.No. | Name of post | Emoluments (Norms for salary) in Rs. | अधिकतम आयु सीमा | अनिवार्य एवं वांछनीय शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1. | SRF (Non Medical) | 35000/- +HRA@8% (2800)= 37,800/- p.m. | 35 वर्ष | **अनिवार्य**– जीवन विज्ञान (जैव प्रोद्यौगिकी / माइक्रोबायोलॉजी / बायाकेमेस्ट्री / ह्यूमन जेनेटिक्स) में मास्टर डिग्री के साथ 02 वर्ष का शोध अनुभव (शासकीय संस्था अथवा शासन द्वारा वित्त पोषित शोध परियोजना में कार्यानुभव संस्था प्रमुख द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर ही मान्य होगा।)<br>**वांछनीय**–<br>1. ओरिजनल शोध प्रकाशन–प्रथम / द्वितीय / करेस्पोंडिंग ऑथर। (Medline/Pubmed Central/ Citation Index/ Science Citation Index/ Expanded Embase/ Scopus Indexed)<br>2. अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय सम्मेलन / संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुतीकरण।<br>3. कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिग्री / डिप्लोमा। |
| 2. | Data Entry Operator (Grade A) | 17000/- p.m. in 1st Year , 17760/- p.m. in 2nd Year & 18520/- p.m. in 3rd Year | 25 वर्ष | **अनिवार्य**–<br>मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी विषय में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण। कम्प्यूटर पर गति परीक्षण के माध्यम से प्रति घंटे कम–से–कम 15000 key depressions का गति परीक्षण।<br>**वांछनीय**–<br>1. कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिग्री / डिप्लोमा।<br>2. हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाइपिंग दक्षता।<br>3. एम.एस. वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट में कार्य की दक्षता, इंटरनेट एवं ई–मेल कार्य का ज्ञान।<br>4. शासकीय संस्था में कार्यानुभव संस्था प्रमुख द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर ही मान्य होगा। |

- आवेदक की आयु आवेदन की अंतिम तिथि तक निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के भीतर होनी चाहिए।
- पदों की संख्या में वृद्धि या कमी हो सकती है ।
- पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार रहेगा, आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।

### निरर्हतायें–

1. विकृत चित्त वाला होने पर।
2. दुश्चरित्र होने पर।
3. शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।
4. नियुक्ति के लिये प्रयास / अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास / अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।

क्रमशः पेज...03

5. <u>विवाह संबंधी –</u> जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे।
6. दिनांक 26.01.2001 के पश्चात् जिस उम्मीदवार के जीवित बच्चों की संख्या 02 से अधिक हो गयी हो वह चयन के लिये पात्र नहीं होगा परन्तु कोई उम्मीदवार, जिसकी पहले से ही एक जीवित संतान है तथा 26 जनवरी 2001 के पश्चात् आगामी प्रसव में 02 या 02 से अधिक संतान का जन्म होता है तो वह नियुक्ति के लिये अनर्ह नहीं होगा।
7. कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
8. <u>कदाचरण संबंधी –</u> किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
9. ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

**<u>अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए –</u>**

किसी अभ्यर्थी की, जो निम्नलिखित किन्ही आधारों पर दोषी पाया जाता है, अभ्यर्थिया रद्द हो जाएगी, जिसने –

(क) दक्षता परीक्षा/साक्षात्कार में किसी भी रीति में इस प्रकार सहयोग अभिप्राप्त किया है जिससे उसकी अभ्यर्थिता प्रभावित हुई है, या

(ख) प्रतिरूपण किया हो, या

(ग) किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण का कार्य करवाया हो, या

(घ) अभिलेखों को कूटरचित किया हो या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किया गए हों जो रूपांतरित किए गए हों, या

(ङ) ऐसे विवरण दिए हों, जिसमें ऐसी तात्विक जानकारी छिपाई गई हो, जो कि चयन के लिए आवश्यक हो, या

(च) किसी अन्य अनियमित या अनुचित साधन के साथ परीक्षा में भाग लिया हो, या

(छ) परीक्षा कक्ष में किन्हीं अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या उपयोग करने का प्रयास किया हो, या

(ज) परीक्षा कक्ष में परीक्षा के कार्य में लगे हुए अधीक्षक/वीक्षक को कोई शारीरिक क्षति की धमकी दी हो या धमकी दिलवाई हो , या

(झ) अभ्यर्थी को दिए गए दिशा निर्देशों या आदेश और परीक्षा कक्ष में अधीक्षक/वीक्षक या किसी अन्य कर्मचारी द्वारा दिए गए मौखिक निर्देश का उल्लंघन किया हो, या

(ञ) परीक्षा कक्ष में इस प्रकार दुरव्यवहार किया हो जो आपराधिक अभियोजन के लिए उसे उत्तरदायी ठहराता हो।

**क्रमशः पेज...04**

## सामान्य निर्देश :–

1. ये पद पूर्णतः संविदा आधार के है एवं इसके आधार पर नियमितीकरण का कोई दावा नहीं किया जा सकता है एवं ये पद अस्थानांतरणीय है ।
2. पद के लिए निर्धारित योग्यता आवेदन करते समय ही पूर्ण होनी चाहिए।
3. इन पदों पर नियुक्ति प्रथमतः 01 वर्ष के लिए की जावेगी, 01 वर्ष के पश्चात् कार्य मूल्यांकन एवं बजट उपलब्धता के आधार पर 01–01 वर्ष हेतु अधिकतम, 03 वर्ष अथवा परियोजना कार्यकाल पूर्ण होने, जो भी पहले हो, तक बढ़ाई जा सकेगी।
4. इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, स्वशासी श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा को होगा।

## आवेदन कैसे करें :–

1. कृपया आवेदन भरने के पूर्व सावधानी पूर्वक निर्देशों को पढ़ ले। आप निर्देश पुस्तिका प्रवेश परीक्षा लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं।
2. आवेदन के साथ निम्नलिखित यथा लागू दस्तावेजों की स्व प्रमाणित प्रतियां अभ्यर्थी द्वारा संलग्न किया जाना अनिवार्य है :–

   I. जन्मतिथि के समर्थन में हाई स्कूल परीक्षा मार्कशीट/सर्टिफिकेट/जन्मप्रमाण पत्र ।

   II. 12 वीं कक्षा की अंकसूची।

   III. आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता के समर्थन में संबंधित डिग्री/डिप्लोमा/फाइनल ईयर की मार्कशीट।

   IV. ओरिजनल शोध प्रकाशन की प्रकाशित प्रतियां। (यदि लागू)

   V. अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय सम्मेलन/संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुतीकरण का प्रमाण पत्र। (यदि लागू)

   VI. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र। (यदि लागू)

   VII. निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा दिनांक 26.01.2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का स्व–घोषित शपथ–पत्र।

   VIII. मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन।

   IX. सक्षम अधिकारी द्वारा म.प्र. राज्य का स्थानीयं निवास एवं जाति प्रमाण पत्र। (यदि लागू)

   X. फोटो पहचान पत्र (वोटर कार्ड/आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट)।

क्रमशः पेज...05

**चयन प्रक्रियाः–**

1. *सीनियर रिसर्च फेलो (नॉन मेडिकल)* के चयन हेतु परस्पर मेरिट तैयार करने के लिए कुल 100 अंकों के आधार पर निम्नानुसार मापदण्ड अपनाए जावेंगेः–

| स.क्र. | निर्धारित मापदण्ड | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1. | स्नातक उपाधि | प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत, अधिकतम 30 अंक |
| 2. | स्नात्कोत्तर उपाधि | प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत, अधिकतम 30 अंक |
| 3. | 02 वर्ष से अधिक का शोध अनुभव | 05 अंक प्रतिवर्ष, अधिकतम 10 अंक |
| 4. | ओरिजनल शोध प्रकाशन | 01 अंक प्रति पेपर, अधिकतम 05 अंक |
| 5. | सम्मेलन/संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुतीकरण का प्रमाण पत्र | 01 अंक प्रति प्रमाण पत्र, अधिकतम 05 अंक |
| 6. | साक्षात्कार | 20 अंक |

**टीपः–** साक्षात्कार को छोड़कर निर्धारित प्रोरेटा (80 अंक) के आधार पर 01 पद के विरूद्ध प्रथम 10 उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किया जावेगा।

2. *डाटा एंट्री ऑपरेटर* के चयन हेतु परस्पर मेरिट तैयार करने के लिए कुल 100 अंकों के आधार पर निम्नानुसार मापदण्ड अपनाए जावेंगेः–

| स.क्र. | निर्धारित मापदण्ड | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1. | मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी विषय में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण। | प्राप्त प्रतिशत का 35 प्रतिशत, अधिकतम 35 अंक। |
| 2. | शासकीय संस्था में कार्य करने का अनुभव | 01 अंक प्रतिवर्ष, अधिकतम 05 अंक। |
| 3. | कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिग्री/डिप्लोमा | डिग्री हेतु 10 अंक, डिप्लोमा हेतु 05 अंक, अधिकतम 10 अंक। |
| 4. | कम्प्यूटर दक्षता परीक्षण (हिन्दी टाइपिंग 05:00 मिनिट 25 अंक), अंग्रेजी टाइपिंग 05:00 मिनिट 25 अंक। | मूल्यांकन निम्नलिखित सूत्र पर आधारित होगाः– **Mark Obtained** $= \frac{\text{Avg. WPM (English \& } \textit{Hindi}\text{)x Avg. Accuracy\% (English \& } \textit{Hindi}\text{)}}{100}$ अधिकतम 50 अंक। |

**टीपः–** दक्षता परीक्षा को छोड़कर निर्धारित प्रोरेटा (50 अंक) के आधार पर 01 पद के विरूद्ध प्रथम 30 उम्मीदवारों को दक्षता परीक्षा हेतु शॉर्टलिस्ट किया जावेगा।

3. उपरोक्त चयन प्रक्रिया के अनुसार समान अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से अधिक आयु के उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी।

6/9/22

**(डॉ. देवेश सारस्वत)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)**

**क्रमशः पेज...06**

पृ. क्रमांक ....................../स्था/अराज/एमसी/2022 रीवा, दिनांक ......................

**प्रतिलिपिः—**

1. संचालक, चिकित्सा शिक्षा, म.प्र. भोपाल।
2. आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा एवं अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा।
3. डॉ. सुधाकर द्विवेदी, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, निश्चेतना विभाग तथा नोडल अधिकारी, एम. डी.आर.यू., चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा।
4. महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)**

**Multi Disciplinary Research Unit, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) में Contractual Posts हेतु आवेदन पत्र**

**आवेदन का प्रारूप**

पासपोर्ट साइज नवीनतम फाटो (नाम एवं दिनांक सहित)

1. आवेदित पद का नाम..........................................................................................

2. विज्ञापन क्रमांक ........................................ दिनांक ..................................................................

3. आवेदक का पूरा नाम (उप नाम सहित) .........................................................................

4. पिता/पति का नाम (उप नाम सहित) ..............................................................................

5. जन्म तिथि ....../......./................
(सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

6. आयुः– वर्ष ............... माह ..............दिन .............(दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में)

7. बैंक का नाम एवं ड्राफ्ट क्रमांक ..................................दिनांक ..........................

8. ई–मेल आई.डी.......................................................................................................................

9. मोबाइल नंबर.......................................................................

10. वर्तमान निवास का पता तथा पिन कोडः– .................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................

11. स्थाई निवास का पता तथा पिन कोडः– ..................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................

12. आवेदक की श्रेणी (अनारक्षित/अनु.जाति/अनु.जनजाति/अपिव/ई.डब्ल्यू.एस.) .................................

13. विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि ........................................................................

14. शैक्षणिक योग्यता :– (विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित समस्त अर्हता परीक्षाओं के प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | महाविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

क्रमशः पेज...02

15. अनुभवः—(विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित निर्धारित अनुभाव के प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

| क्र. | संस्था का नाम | पद/कार्य | कब से | कब तक | कुल अवधि | अनुभव प्रमाण पत्र जारीकर्ता का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16. शोध पत्र प्रकाशन की जानकारीः—(विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित मान्य किए जाने वाले शोध प्रकाशन के प्रथम पृष्ठ की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

| No. | Title of Research Article | Authorship Sequence | Name of Journal | Indexing Agency | Date of Publication |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

17. सम्मेलन/संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुतीकरण की जानकारीः—(विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित मान्य किए जाने वाले पेपर प्रस्तुतीकरण के प्रमाण पत्रों स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।)

| No. | Title of Oral Presentation | Presented at (Name of Conference/ Seminar) | Type of Conference/ Seminar (State/National/ International) | Date of Presentation |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

18. अन्य विशेष योग्यता :— ..........................................................................................

क्रमशः पेज...03

19. निम्नांकित स्वप्रमाणित दस्तावेज की छायाप्रतियां संलग्न करें :–

| क्रमांक | दस्तावेजों का विवरण | (हां/नहीं/लागू नहीं) |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन शुल्क – डिमांड ड्राफ्ट। | |
| 2. | 10वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची। | |
| 3. | 12वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची। | |
| 4. | अर्हता परीक्षा(ओं) से संबंधित समस्त अंकसूची। | |
| 5. | ओरिजिनल शोध प्रकाशन। (यदि लागू) | |
| 6. | अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय सम्मेलन/संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुतीकरण का प्रमाण पत्र। (यदि लागू) | |
| 7. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र। (यदि लागू) | |
| 8. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. राज्य का स्थानीय निवास एवं जाति – प्रमाण पत्र। (यदि लागू) | |
| 9. | निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा दिनांक 26.01.2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का स्व–घोषित शपथ–पत्र। | |
| 10. | मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन। | |
| 11. | फोटो पहचान पत्र (वोटर कार्ड/आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट) | |

**स्थान :**
**दिनांक :**

**आवेदक का पूरा नाम, हस्ताक्षर**

# //घोषणा – पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि, मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज नहीं है और न ही मेरे विरूद्ध कोई विभागीय जांच प्रचलन में है।
3. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि, मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है।
4. मुझे यह भलीभांति ज्ञात है कि यह नियुक्ति संविदा आधार पर है तथा गेरे द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार से नियमितीकरण संबंधी आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जावेगा।

**आवेदक का पूरा नाम, हस्ताक्षर**

————0000————

**क्रमशः पेज...04**

*कार्यालयीन उपयोग हेतु*

*(स्क्रूटनी समिति द्वारा भरा जावे)*

पद का नामः– *सीनियर रिसर्च फेलो (नॉन मेडिकल)/डाटा एंट्री ऑपरेटर*

प्रस्तुत प्रमाण पत्र के आधार पर आवेदक प्रावधिक पात्र है।

अथवा

निम्नलिखित कारणों से अपात्र हैः–

1. ..........................................................................................................

2. ..........................................................................................................

3. ..........................................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| नाम एवं हस्ताक्षर<br>(स्क्रूटनी समिति सदस्य) | नाम एवं हस्ताक्षर<br>(स्क्रूटनी समिति सदस्य) | नाम एवं हस्ताक्षर<br>(स्क्रूटनी समिति अध्यक्ष) |

नोटः– जो अंश लागू न हो, उसे काट दिया जावे।